समाचार-प्रकाषनार्थ:-

बसंत पंचमी-रतलाम स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर आतिशबाजी
सेन्ट्रल लाईटिंग से रोशन हुआ बाजना बस स्टैंड फोरलेन
गौरव दिवस मनाने हेतु राज्य में सर्वमान्य हुआ रतलाम नगर निगम का प्रस्ताव - विधायक काश्यप

रतलाम 4 फरवरी। बसंत पंचमी पर रतलाम स्थापना दिवस की पूर्व संध्या शहरवासियों को गौरवमयी एहसास कराने वाली रही। विधायक रतलाम षहर माननीय श्री चेतन्य जी काश्यप ने बाजना बस स्टैण्ड चौराहा पर स्थापना दिवस के गौरव की अभिव्यक्ति हेतु की गई आतिशबाजी के साथ फोरलेन पर लगाई गई सेन्ट्रल लाईटिंग का शुभारंभ किया। इससे बाजना बस स्टैण्ड चौराहा से श्री रणजीत हनुमान मंदिर तक फोरलेन रोशन हो गया। माननीय श्री काश्यप ने कहा कि नगर निगम ने रतलाम स्थापना दिवस को गौरवमयी ढंग से मनाने का जो प्रस्ताव पास किया है, वह पूरे मध्यप्रदेश में सर्वमान्य हुआ है। इसके आधार पर प्रदेश में सभी नगर निगम नगर के गौरवपूर्ण दिवस को मनाएंगे।
माननीय श्री काश्यप ने कहा कि नगर को गौरवपूर्ण वातावरण देने वाला दिवस हर नागरिक के लिए महत्वपूर्ण होता है। रतलाम में नगर निगम ने स्थापना दिवस की पूर्व संध्या पर शहर के विभिन्न स्थानों पर आतिशबाजी करने के साथ-साथ हर्षोल्लास से यह दिन मनाने का प्रस्ताव पास किया है और इस प्रस्ताव को अब पूरे प्रदेश में लागू किया जा रहा है। यह नगर के लिए गौरव की बात है। माननीय श्री काश्यप ने आरंभ में सेन्ट्रल लाईटिंग का शुभारंभ किया। इसके बाद बाजना बस स्टैण्ड चौराहा पर आतिशबाजी की गई। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल

मौर्य, बजरंग पुरोहित, जिला महामंत्री प्रदीप उपाध्याय, पूर्व महामंत्री मनोहर पोरवाल, जिला उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अशोक पोरवाल, जिला मीडिया प्रभारी अरूण राव, मंडल अध्यक्ष कृष्ण कुमार सोनी, निलेश गांधी, करणधीर्य बडगोत्या, वरिष्ठ नेता प्रेम उपाध्याय, मुन्नालाल शर्मा, चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक डॉ. राजेश शर्मा, भाजयुमो जिलाध्यक्ष विप्लव जैन, प्रवीण सोनी, बंटी बोहरा, सुदीप पटेल, मण्डल महामंत्री कमल सिलावट, सुरेन्द्रसिंह भाटी एवं नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मंगल लोढा ने किया। आभार दीनदयाल मण्डल अध्यक्ष कृष्णकुमार सोनी ने माना।

नगर निगम द्वारा 6 स्थानों पर जोरदार आतिशबाजी

रतलाम नगर गौरव दिवस की पूर्व संध्या पर नगर निगम ने 6 स्थानों पर आतिशबाजी का आयोजन किया। बाजना बस स्टैण्ड, डालू मोदी बाजार, शहर सराय, पैलेस रोड, घास बाजार, अलकापुरी, दो बत्ती, रत्नेश्वर रोड चौराहा पर आकर्षक आकाशीय आतिशबाजी की गई। इस मौके पर क्षेत्रवासी एवं गणमान्यजन उपस्थित थे।

समाचार/ज.सं.वि./हेमन्त/04.02.2022/न.पा.निगम, रतलाम.